30 09 24

Tender Heart High School, Sector- 33 B Chandigarh

कक्षा - तीसरी

विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - 'लिंग बदलो'

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

सुप्रभात बच्चो।
यह पाठ 'लिंग बदलो' कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण से लिया गया है।

बच्चो! आज हम 'लिंग बदलो' के विषय में पढ़ेंगे। आपने पहले भी 'लिंग बदलो' के विषय में पढ़ा था। आज हम कुछ अन्य 'लिंग बदलो' शब्द पढ़ेंगे। 'लिंग बदलो' को अंग्रेज़ी में (Change the Gender) कहा जाता है। आइए, कुछ उदाहरणों द्वारा समझने का प्रयास करते हैं।

1) नाना - नानी घूमने जा रहे हैं।

2) भाई - बहन टेलीविज़न देख रहे हैं।

3) शेर - शेरनी जंगल में घूम रहे हैं।

ऊपर लिखे वाक्यों में आए रंगीन शब्द नाना, भाई और शेर पुरुष जाति का और नानी, बहन, शेरनी शब्द स्त्री जाति का बोध करवा रहे हैं। अर्थात् -
शब्द के जिस रूप से उसके पुरुष जाति या स्त्री जाति के होने का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।

कक्षा - तीसरी　　　　　　विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - लिंग बदलो

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

**लिंग के प्रकार** → बच्चो! जैसा कि आपको पता ही है कि लिंग के दो प्रकार होते हैं।

लिंग

↓　　　　　　↓

पुल्लिंग　　　　स्त्रीलिंग

1) **पुल्लिंग** → पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं; जैसे - मोर, घोड़ा, हाथी आदि।

2) **स्त्रीलिंग** → स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं; जैसे - मोरनी, घोड़ी, हथिनी आदि।

बच्चो! चलिए अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक लेने से पहले मैं आप से कुछ प्रश्न पूछने जा रही हूँ जिनके उत्तर आप ब्रेक के दौरान अपनी हिन्दी व्याकरण की नोटबुक में लिखोगे।

प्र०1. लिंग कितने प्रकार के होते हैं?

प्र०2. पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

कक्षा - तीसरी  विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - 'लिंग बदलो'

शिक्षिका - कल्पना शर्मा

प्र० 3. स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

(ब्रेक का समय समाप्त)

आइए, आगे बढ़ने से पहले मैं आपको ऊपर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर बता देती हूँ।

उ० 1. लिंग दो प्रकार के होते हैं।
1) पुल्लिंग  2) स्त्रीलिंग।

उ० 2. पुल्लिंग।

उ० 3. स्त्रीलिंग।

आइए, अब कुछ अन्य 'लिंग' शब्द पढ़ते हैं। इन शब्दों को आप अपनी हिन्दी व्याकरण की नोट बुक में लिखोगे।

| | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 1. | छात्र | छात्रा |
| 2. | वर | वधू |
| 3. | शिष्य | शिष्या |
| 4. | राजकुमार | राजकुमारी |

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - लिंग बदलो शिक्षिका - कल्पना शर्मा

| | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 5. | शिक्षक | शिक्षिका |
| 6. | बैल | गाय |
| 7. | ऊँट | ऊँटनी |
| 8. | कवि | कवयित्री |
| 9. | सेठ | सेठानी |
| 10. | गुड्डा | गुड़िया |
| 11. | बकरा | बकरी |
| 12. | बूढ़ा | बुढ़िया |

निर्देश → अभिभावकों से निवेदन है कि बच्चों को यह कार्य अपने पास बैठाकर करवाएँ। सभी बच्चे इस कार्य को दो - तीन बार अच्छी तरह से पढ़ेंगे तथा समझने का प्रयास करेंगे।

(Last Page)